No. of Printed Pages/Questions: 4/13

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2019 – 2020)

**Class: V** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 2 Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2:00 +15 घंटे हैं।

(खण्ड 'क')

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X3=6)

एक गरीब किसान था। उसके पास अपनी ज़मीन नहीं थी। वह दूसरों के खेतों में काम करता था। सुबह उठते ही खेतों में चला जाता और रात के अँधियारे में घर लौटता। उसके दो छोटे–छोटे बच्चे थे। बीमार पत्नी थी। वह एक अनाथ बच्ची को भी पाल रहा था। कमाने वाले हाथ केवल दो थे और खाने वाले मुँह पाँच। किसान पत्नी का इलाज नहीं करा पा रहा था। उसके लिए रोटियाँ जुटाना ही कठिन था, फिर इलाज के लिए पैसे कहाँ से लाता। गाँव के पास एक घना वन था, वहाँ एक प्राचीन मंदिर था। उसमें एक साधु रहते थे। उनका बड़ा नाम था। उनकी सिद्धियों की चारों ओर चर्चा थी। किसान भगवान का भक्त तो था परंतु उसके पास भजन–कीर्तन में जाने का समय ही नहीं बच पाता था। दिनभर का थका घर आता तो पता ही नहीं चलता कि कब नींद आ जाती।

क) किसान की हालत कैसी थी ?

ख) किसान के घर में कौन–कौन थे ?

ग) साधु कहाँ रहता था ? उनकी क्या विशेषता थी ?

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

था गुलाब का पौधा सुंदर,
फूल खिले थे उसमें सुंदर।
लड़का एक वहाँ पर आकर,
सूँघा ढेला एक उठाकर।
महक रहा था ढेला ऐसा,
ताज़ा फूल महकता जैसा।
फूल वहाँ पर झड़ते होंगे,
उसके ऊपर पड़ते होंगे।
उससे उसमें खुशबू आई,
संगति का फल ऐसा भाई।।

क) इस कविता में किस पौधे का वर्णन हुआ है ?

ख) लड़के ने क्या सूँघा ?

ग) ढेला किसके समान महक रहा था ?

घ) ढेले में खुशबू किस प्रकार आई ?

ङ) 'खुशबू' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(खण्ड 'ख')

**प्र0 3 नीचे लिखे वाक्यों में सही (√) अथवा गलत (X) बताइए–** (1X5=5)

क) पंजाबी भाषा की लिपि गुरुमुखी है। ( )

ख) रेडियो सुनना भाषा का लिखित रूप है। ( )

ग) स्वर के तीन भेद हैं। ( )

घ) हिंदी वर्णमाला में कुल चौतीस व्यंजन हैं। ( )

ङ) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है– 'फल'। ( )

**प्र0 4 नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान भरिए–** (1X5=5)

क) 'गुणवान' का स्त्रीलिंग ----- है। (गुणवानी / गुणवती)

ख) 'चिड़िया' का पुल्लिंग --------- है। (चिड़ा / चिड़ियाँ)

ग) 'सेनाएँ' का एकवचन ---------- है। (सेनाओं / सेना)

घ) उसने राम ------हँसा दिया। (के / को)

ङ) 'महिला' का बहुवचन --------- है। (महिलाएँ / महिलों)

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

क) संज्ञा किसे कहते हैं ?

ख) 'भाववाचक संज्ञा' का एक उदाहरण लिखिए।

ग) 'कर्म' विभक्ति चिह्न का प्रयोग कर एक वाक्य लिखिए।

घ) वचन किसे कहते हैं ?

ङ) लिंग किसे कहते हैं ?

(खण्ड 'ग')

**प्र0 6 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए–** (1X5=5)

नहा–धोकर हम सभी एक कमरे में इकट्ठा हुए। दादा और चाचा सफ़ेद चकाचक माड़ लगी धोती और कुर्ता पहने हुए हैं। सामने मचिया पर खादी की सफ़ेद साड़ी पहने हुए दादी बैठी थी। आज दादी ने अपने बाल धोए हैं। सफ़ेद सेमल की रुई जैसे हल्के–फुल्के बाल। सामने कुछ केले के पत्ते कतार में रखे हैं, जिस पर तिल, गुड़, चावल आदि के छोटे–छोटे ढेर पड़े हुए हैं। हमें बारी–बारी से उन सभी चीज़ों को छूने और प्रणाम करने के लिए कहा गया। जब सबने ऐसा कर लिया तो उन सभी चीज़ों को एक जगह इकट्ठा करके दान दे दिया गया। जनवरी माह के मध्य में भारत के लगभग सभी प्रांतों में फ़सलों से जुड़ा कोई–न–कोई त्योहार मनाया जाता है।

क) केले के पत्तों पर क्या रखा है ?

ख) मचिया पर कौन बैठा था ?

ग) दादी के बाल कैसे लग रहे थे ?

घ) दादा और चाचा कैसा कपड़ा पहने हुए थे ?

ङ) फ़सलों का त्योहार कब मनाया जाता है ?

**प्र0 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** (2X7=14)

क) लोनपोगार ने लड़की को क्या संदेश भेजा था ?

ख) मकर संक्रांति किस मौसम में मनाई जाती है और उस दिन क्या करते हैं ?

ग) केशव के कितने साल का था उसके पिता क्या करते थे ?

घ) 'इला सचानी' कितने वर्ष की है और कहाँ रहती है ?

ङ) 'पिनकोड' का पूरा नाम लिखिए।

च) डाकसेवक से पैकर बनने के लिए कँवरसिंह ने क्या किया ?

छ) कुम्मी के प्रश्न का रोहित ने क्या उत्तर दिया ?

**प्र0 8 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** (1X5=5)

गुड़िया भी है बहुत भली—सी
पहिने कानों में बाली,
छोटा—सा टी सेट है,
छोटे—छोटे हैं लोटा—थाली
छोटे—छोटे धनुष—बाण हैं,
छोटी—छोटी तलवार है,
नए खिलौने ले लो भैया,
ज़ोर—ज़ोर वह रहा पुकार
मुन्नू ने गुड़िया ले ली है।
मोहन ने मोटर गाड़ी
मचल—मचल सरला कहती है,
माँ से लेने को साड़ी।

क) इस कविता में गुड़िया कैसी है ?

ख) गुड़िया ने कानों में क्या पहन रखा है ?

ग) मुन्नू ने क्या लिया है ?

घ) मोहन ने क्या खरीदा ?

ङ) सरला मम्मी से किस बात की ज़िद करती है ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** (2X6=12)

क) 'खिलौनेवाला' कविता में किसने कौन—से खिलौने खरीदे ?

ख) 'कौन प्यार से बिठा गोद में मनचाही चीज़ें देगा' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

ग) 'खिलौनेवाला' कविता में बच्चा तीरकमान से क्या करने की ज़िद करता है ?

घ) रतन कौन था और वह कहाँ रहता था ?

ङ) कवि के अनुसार रतन कैसा बच्चा था ?

च) जब रतन खेलने जाता तब उसके साथ कौन रहता था ?

**प्र0 10 मिलान कीजिए–** (1X4=4)

| | | |
|---|---|---|
| क) | डाकिया | कशीदाकारी |
| ख) | इला सचानी | कँवरसिंह |
| ग) | केशव | पोंगल |
| घ) | तमिलनाडु | दस साल |

**प्र0 11 किसने, किससे कहा ?** (1X4=4)

क) "क्या तुम मुझे नक्काशी करना सिखाओगे ?"

ख) "कारखाना ! कैसा कारखाना ?"

ग) "कितना उबाऊ होता है यह स्कूल का काम !"

घ) "मेरा बेटा बहुत सीधा–सादा है, मेरे बाद इसका काम कैसे चलेगा ?"

**(खण्ड 'घ')**

**प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** (1X5=5)

अपने मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

**प्र0 13 कोई एक कहानी लिखिए–** (1X5=5)

–––00–––